दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-pariihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916 सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 13 | अंक 85 | छतरपुर, रविवार 20 अक्टूबर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

## भाजपा ने एक राज्य में लोकसभा उप चुनाव तो 8 राज्यों में विधानसभा के उप चुनाव के उम्मीदवार घोषित किए



अजय सिंह परिहार

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने शनिवार (19 अक्टूबर, 2024) को लोकसभा और विधानसभा के उप-चुनाव के लिए उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की. देर शाम जारी की गई सूची में एक राज्य की लोकसभा सीट के लिए तो आठ राज्यों की विधानसभा सीटों पर कैंडिडेट्स के नामों का ऐलान किया गया.

भाजपा ने केरल के वायनाड लोकसभा सीट से नव्या हरिदास को टिकट दिया है, जहां उनका मुकाबला कांग्रेस की प्रियंका गांधी से होगा. वहीं केरल विधानसभा उपचुनाव की बात करें तो यहां भाजपा ने ढोलाई से अनुसूचित जाति के निहार रंजन दास को टिकट दिया है. बेहाली से दिगंता घाटोवर को तो वहीं सामगुरी से दीप्तु रंजन शर्मा को मैदान में उतारा है. बिहार की बात करें तो यहां तरारी से विशाल प्रशांत को तो वहीं रामगढ़ से अशोक कुमार सिंह को मैदान में उतारा है. छत्तीसगढ़ की रायपुर सिटी दक्षिण से सुनील सोनी मैदान में उतरे हैं.

कर्नाटक की बात करें तो यहां शिग्गांव से भरत बसवराज बोम्मई को तो वहीं संदूर से बंगारू हनुमंत को टिकट दी गई है. केरल की विधानसभा उपचुनाव सीट की बात करें तो पाल्लकाड़ से श्री कृष्ण कुमार और अनुसूचित जाति की आरिक्षत सीट चेलक्कारा से के बालाकृष्णन को टिकट दिया है.

मध्य प्रदेश के विजयपुर से रामनिवास रावत को तो वहीं बुधनी से रमाकांत भार्गव को टिकट मिला है. राजस्थान की बात करें तो झुंझुनू विधानसभा सीट से राजेंद्र भांबू को और रामगढ़ से सुखवंत सिंह, दौसा से जगमोहन मीणा, देवली उनियारा से राजेंद्र गुर्जर, खींवसर से रेवंत राम डांगा तो वहीं सलूंबर अनुसूचित जनजाति की आरक्षित सीट से शांता देवी मीणा को टिकट दिया गया है. पश्चिम बंगाल की बात करें तो यहां सितई की अनुसूचित जाति के आरक्षित सीट से दीपक कुमार रॉय को टिकट मिला है, मादारीहाट अनुसूचित जनजाति की आरक्षित सीट से राहुल लोहार को, नैहाटी से रूपक मित्रा, हारोआ से बिमल दास, मेदिनीपुर से सुभाजित रॉय और तालडांगरा से अनन्या रॉय चक्रवर्ती को टिकट मिला है.

***13 नवंबर को होगा मतदान***

13 राज्यों की 47 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होंगे तो वहीं इनके नतीजे 23 नवंबर को सामने आएंगे. वहीं चुनाव आयोग ने बीती 15 अक्टूबर को महाराष्ट्र और झारखंड के भी विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया.

## छत्रसाल नगर के एक मकान से बरामद हुये भारी मात्रा में पटाखे

### बिना लायसेंस किया गया था भंडारण, कार्रवाई शुरू



***छतरपुर। शनिवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में एसडीएम ने सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पन्ना रोड पर छत्रसाल नगर स्थित रिहायशी इलाके के एक मकन से पटाखों का अवैध भण्डारण जब्त कर कार्यवाही की है।***

एसडीएम अखिल राठौर ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि छत्रसालनगर के रिहायशी इलाके में पटाखों के भण्डारण किया गया है। जिस पर नगर पालिका, पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही की गई है। मौके पर एक कमरे में पटाखे स्टॉक में मिले हैं इनके पास किसी भी प्रकार का कोई लाईसेंस नहीं है। लगभग दो लाख रूपए के पटाखे रखे हुए थे। मकान मालिक से पूछताछ की जा रही है। श्री राठौर ने कहा कि बगैर लाईसेंस के पटाखा विक्रय करने वालों पर लगातार कार्यवाहियां की जाएंगी। उन्होंने कहा कि दीवाली को देखते हुए पटाखा विक्रय हेतु अस्थायी लाईसेंस जारी किए जा रहे हैं जो लोग लाईसेंस ले रहे हैं उन्हें पटाखा विक्रय करने में सुविधा होगी। कार्यवाही के दौरान एसडीएम अखिल राठौर, तहसीलदार संदीप तिवारी, सिविल लाइन थाना प्रभारी बाल्मीक चौबे एवं नपा का अमला मौजूद रहा।

# दीवाल तोड़कर घुसे चोरों द्वारा दो दुकानों में लाखों की चोरी

## सीसीटीवी कैमरे के तार निकाले फिर गुल्लक से पैसे निकाल कर रफूचक्कर हो गये चोर

छतरपुर। शनिवार की दोपहर 12 बजे सिविल लाइन थाना अंतर्गत पन्ना नाका पर एक चोरी का एक मामला सामने आया है। जिसमे अज्ञात चोरों ने शुक्रवार शनिवार की रात में दो दुकानों से लाखों की चोरी की है। दुकान में चोर दीवार तोड़कर अंदर घुसे थे वही सीसीटीवी कैमरे के द्वार से तार निकले उसके बाद गुल्लक से पैसे निकालकर रफू चक्कर हो गए सुबह दुकानदार ने जैसे ही दुकान का ताला खोला चोरी होने की आशंका से उसने सिविल लाइन थाना पुलिस को जानकारी दी भाई थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर आस पास के सीसीटीवी कैमरे से चोरों का पता लगाने में जुट गई है।




जानकारी के अनुसार शहर की पन्ना नाका पर रमेश जैन उर्फ लल्ली भैया की लाइट की दुकान है। उसके बगल में अमन जैन की कपड़े की दुकान है। शुक्रवार शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने बगल के निर्माणाधीन मकान से दुकान की दीवाल तोड़कर दोनो दुकानों में घुसे और सीसीटीवी कैमरे के तार निकालकर बंद कर दिया। उसके बाद दोनो दुकानों से नगद पैसे सहित पैसे की चोरी कर के रफूचक्कर हो गए। सुबह 11 बजे दुकानदार ने जब दुकान का ताला खोला तो दुकान में सामान बिखरा पड़ा था जिसकी शिकायत उसने सिविल लाइन थाने में की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे छानवीन करना शुरू कर दिया है।

अमन जैन ने बताया कि मेरी क्लासी युवा के नाम से कपड़े की दुकान है मैंने रात में 9:30 बजे दुकान को बंद कर दिया था सुबह 10:00 बजे जाकर दुकान खोली तो पूरी दुकान में सामान बिखरा पड़ा था। कपड़े खरीद के पैसे देने है। इसलिए दुकान की गुल्लक में एक लाख सत्तर हजार रुपये नगद रखे थे। वही 1 लाख रुपये का सामान चोरी हुआ है।

रमेश चंद्र जैन ने बताया कि हमारी पन्ना नाका पर जैन ब्रादर्स के नाम से लाइट की दुकान है मैं दुकान बंद करके रात में घर चला गया था सुबह आकर देखा तो पूरी दुकान में सामान फैला हुआ है वहीं पास की दुकान में भी चोरी होने की आशंका है जिसको लेकर पुलिस में शिकायत की है। उन्होंने बताया कि पास के मकान से चोरों ने दीवाल तोड़कर दुकान में घुसे है। दुकान से चोरों ने लगभग 1 लाख की चोरी की है।

# करवा चौथ को लेकर महिलाओं में उत्साह



**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। अखण्ड सुहाग के प्रतीक करवा चौथ त्यौहार को लेकर महिलाओं में इस समय खास उत्साह है, और महिलाओं ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी है। इस वर्ष करवा चौथ 20 अक्टूबर, रविवार को है, जिसके पहले महिलाएं खरीददारी करने के लिए मेन मार्केट मतंगेश्वर बाबा के समीप और राधा रानी मार्केट व बाजार पहुंच रही हैं। जिले के बाजारों में खासी चहल-पहल देखने को मिल रही है, जिससे व्यापारियों के चेहरे भी खिले हुए हैं। खजुराहो का बाजार इस समय करवा चौथ की पूजा सामग्री से सजा हुआ है और बाजार में महिलाएं जमकर खरीददारी करते नजर आ रही हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी करवा चौथ को लेकर महिलाओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। महिलाएं पूजा सामग्री से लेकर साज-श्रृंगार तक सभी प्रकार की सामग्री खरीदने में जुटी हुई हैं। करवा चौथ से पहले बाजार की इस चहल-पहल को देखकर व्यापारियों के चेहरे भी खिले हुए नजर आ रहे हैं। बाजार में महिलाओं के लिए वस्त्र, आभूषण, परिधान और सौंदर्य प्रसाधन की एक लंबी श्रृंखला मौजूद है। दुकानदारों ने भी महिलाओं को लुभाने के लिए खूब तैयारी कर रखी है।

# बकस्वाहा के रूपेश जैन ने उत्तीर्ण की नेट परीक्षा, क्षेत्र का नाम रोशन

**विनोद कुमार जैन**

परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा नगर के युवा प्रतिभाशाली रूपेश जैन ने हाल ही में यूजीसी नेट (राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा) में सफलता प्राप्त कर अपने क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। गुरुवार को जारी हुए यूजीसी नेट रीएग्जाम जून 2024 के परीक्षा परिणामों में रूपेश ने राजनीति विषय से असिस्टेंट प्रोफेसर और पीएचडी एडमिशन के लिए 92.19 परसेंटाइल के साथ क्वालिफाई किया है। रूपेश जैन का शैक्षणिक सफर उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर और पत्रकारिता में भी स्नातकोत्तर डिग्री हासिल की है। उनकी शिक्षा और अनुभव ने उन्हें अपने क्षेत्र में एक नई दिशा देने की प्रेरणा दी है।



उनका दृष्टिकोण बकस्वाहा की खबरों और मुद्दों पर भी बेहद मौलिक है, जो सामाजिक और राजनीतिक विषयों पर गहरी समझ को दर्शाता है। रूपेश की इस उपलब्धि पर बकस्वाहा के पत्रकार, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाई दी है, और उनके भविष्य के शोध कार्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। रूपेश जैन की सफलता न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह समूचे बकस्वाहा क्षेत्र के लिए प्रेरणास्त्रोत भी है। अब वे आगे बढ़कर पीएचडी कर शोध कार्य करने की योजना बना रहे हैं, जिससे वे समाज और अपने क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।

# खजुराहो में मनाया गया दशहरा मिलन समारोह

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। पर्यटन नगरी खजुराहो में आज दशहरा मिलन समारोह समाजसेवी परशुराम तिवारी तथा उनकी टीम के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें मतंगेश्वर सेवा समिति के अध्यक्ष पंडित सुधीर शर्मा, पर्यटक सहायक एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्णकांत दुबे उर्फ (हल्के) भैया ठेकेदार ,पत्रकार संगठन के अध्यक्ष गौरव मिश्रा, एस आई एस के कमांडर अखिलेश शुक्ला, अनंत राम मिश्रा, दीप सिंह यादव ,रामगोपाल तिवारी, शिवाकांत कारपेंटर ,अनीश खान, विश्वनाथ प्रजापति ,मनोज मिश्रा ,भगत सिंह यादव ,विनोद तिवारी ,भागीरथ जोशी, हीरू यादव , राम प्रकाश शर्मा , अमर पाल,राजीव शुक्ला ,रामपाल तिवारी आचार्य, आनंद चतुर्वेदी, धर्मेंद्र पांडे, दिलीप तिवारी पंडित जी रेस्टोरेंट कई लोग इस कार्यक्रम में शामिल हो करके एक दूसरे को गुलाल लगा करके तथा एक दूसरे से गले मिलकर समाज के प्रति सद्भावना तथा भाईचारे का के साथ समाज और राष्ट्र के प्रति अच्छे कर करने का संकल्प लिया।



## लड़की लाहौर दीया..जिस हिसाब ना हसदी या....

# जाने माने पॉप सिंगर गुरु रंधावा ने इंदौर में मचाई धूम

## मून राइज इंडिया टूर इसके लाइफ कंसर्ट में झूमे हजारों लोग



परिहार गर्जना न्यूज। इंदौर 19 अक्टूबर। जाने-माने पॉप सिंगर गुरु रंधावा ने इंदौर में अपने मूनराइज इंडिया टूर की शुरुआत की। टूर के पहले दिन हजारों लोगों के सामने गुरु रंधावा ने अपने हिट पॉप नंबर्स के साथ इंदोरियंस को झूमने पर मजबूर कर दिया । अपने दिलकश अदाओं के साथ गुरु रंधावा जब स्टेज पर आए तो भीड़ ने खुले दिल के साथ उनका स्वागत किया।

इंदौर के रिंग रोड स्थित एसेंशिया होटल में रात 8ः00 बजे से आयोजित इस लाइफ कंसर्ट को सुनने के लिए बड़ी तादात में गुरु रंधावा के फैन्स समय से पहले ही पहुंच गए । कार्यक्रम को लेकर उनमें जबरदस्त उत्साह था गुरु रंधावा अपने बैंड के साथ जब स्टेज पर परफॉर्म करने आए तो हर किसी ने शोर मचा कर उनका स्वागत किया गुरु रंधावा ने अपने हिट नंबर्स के साथ इंदोरियों का दिल जीता । हाय रे नखरा तेरा नी हाई रेटेड गबरू नी... नाच मेरी रानी रानी , नाच मेरी रानी रानी... लड़की लाहौर दि या.... तेनु सूट सूट करदा..... जब निकले पटोला करके मुंडिया दी जान पर बने... जैसे गीतों से हर किसी को झूमने पर मजबूर कर दिया। देर रात तक चलाया कंसर्ट इंदोरियों के लिए यादगार बन गया।

कार्यक्रम के दौरान गुरु रंधावा ने अपने फ्रेंड्स का भी खूब ध्यान रखा उन्होंने अपने फ्रेंड्स को सिग्नेचर की हुई शर्ट बांटी में । साथ ही उन्होंने अपने प्रशंसकों को सेल्फी का अवसर भी दिया। गुरु रंधावा के कई फैंस को जाने का मौका भी मिला । इसके पहले गुरु रंधावा दोपहर 56 दुकान पर गए और वहां पर उन्होंने इंदौर के व्यंजनों का जमकर आनंद लिया। इस दौरान 56 दुकान पर बड़ी संख्या में लोगों ने देखने के लिए इकट्ठा हो गए। गुरु रंधावा ने अपने फ्रेंड्स का सम्मान करते हुए सभी के साथ सेल्फी ली।

मीडिया से चर्चा करते हुए गुरु रंधावा ने बताया कि लगातार 2 महीने चलनेवाले इस मूनराईस इंडिया टूर के दौरान 26 अक्टूबर को पटना में, 09 नवंबर को जयपुर में , 10 नवंबर लखनऊ , 16 नवंबर को दिल्ली में , 23 नवंबर को कलकत्ता , 30 नवंबर को हैदराबाद में , 7 दिसम्बर को नाशिक में , 14 दिसंबर को रायपुर में और 21 दिसंबर को देहरादून में परफॉर्म करेंगे । उन्होंने बताया कि इस टूर के जरिए वे एक बार फिर लोगों का दिल जीतना चाहते हैं । संगीत हर उम्र के लोगों के लिए है यह लोगों के मन में खुशियां लाता है । एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि कि अगर वे पॉप सिंगर नहीं होते तो भी गाना ही गाते । अपनी फिल्मी सफर पर उन्होंने कहा कि एक शुरुआत है जिसका बहुत अच्छा प्रतिसाद मिला है आगे चलकर वह कई सारे प्रोजेक्ट को करने वाले हैं उम्मीद है कि दर्शकों का प्यार उन्हें मिलता रहेगा । उन्होंने बताया कि पंजाबी संगीत की दुनिया पूरी दुनिया में अपनी धूम मचा रही है।

# श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय योजना के स्वयं सेवक रवि अहिरवार का मिनी मैराथन में तृतीय स्थान

छतरपुर। दिनांक 19/ 10/2024 को जिला स्तरीय (रेड रन)रेड रिबन क्लब मध्यप्रदेश शासन के अन्तर्गत पंजीयन युवाओ के लिए यूथ अगेंस्ट एचआईवी के प्रति व्यापक जागरूकता हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर रेड रंग के आयोजन में मिनी मैराथन दाऊद का आयोजन किया गया है यह मैराथन प्रातः 6ः00 बजे बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम छतरपुर में आयोजित की गई तथा इसमें छतरपुर,टीकमगढ़, निवाड़ी, सागर और पन्ना जिले के राष्ट्रीय सेवा योजना के लगभग 250 स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम




अधिकारी डा महेश चंद्र अहिरवार के मागदर्शन में स्वयंसेवक रवि कुमार ने इस मैराथन में तृतीय स्थान प्राप्त किया है तथा इसके पहले भी रवि कुमार अहिरवार ने पिछले वर्ष प्रथम स्थान प्राप्त किया इस वर्ष इस उपलब्धि के लिए रवि कुमार को रू. 3000 का चैक पुरस्कार के रूप में दिया गया श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के 20 स्वयं सेवकों ने भी मैराथन में प्रतिभाग किया। इस मैराथन में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल, एवं श्री अरूण कुमार चौरसिया (कार्यक्रम समन्वयक रासेयो) डॉ जे पी साक्य , डॉ एस के छारी, श्री गिरिजेश जुआल जिला संगठन रा.से.यो.,श्री देवेन्द्र प्रजापति, श्री ओम मनु कार्यक्रम अधिकारी एवं वर्षा यादव, कमलेश चौरसिया, आनंद पांडेय ,डॉ राजू अहिरवार, भारती सिंह शिवम एवं रूपेश उपस्थित रहे। श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ बृजेन्द्र सिंह गौतम, चैयरमेन डॉ पुष्पेन्द्र सिंह गौतम,कुलगुरु डॉ अनिल कुमार धगट ,उपकुलगुरु डॉ गिरीश त्रिपाठी, कुलसचिव श्री विजय सिंह, सलाहकार समिति के अध्यक्ष डॉ बी.एस.राजपूत एवं श्री कृष्णा विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने रवि अहिरवार राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय सदस्यता अभियान प्रारंभ

## मंत्री, अध्यक्ष सहित विधायकों ने सक्रिय सदस्यता ग्रहण की



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत शनिवार को कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत पूर्व मंत्री एवं विधायक गोपाल भार्गव,भूपेंद्र सिंह विधायक शैलेंद्र कुमार जैन पार्टी के सक्रिय सदस्य बने। भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने सदस्यता टोली के साथ जनप्रतिनिधियों को सक्रिय सदस्य बनाया। भाजपा संभागीय कार्यालय में जिला सदस्यता टोली ने भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया को सक्रिय सदस्यता ग्रहण कराई। सक्रिय सदस्यता उपरांत जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने कहा कि आज से जिले में सक्रिय सदस्यता अभियान का विधिवत शुभारंभ हो गया है। जिले में संगठन पर्व के अंतर्गत 4 लाख से अधिक सदस्य बनाए हैं। इसी प्रकार पार्टी कार्यकर्ता जिले में अधिक से अधिक संख्या में सक्रिय सदस्य बनकर इतिहास बनाएंगे।

जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने कहा कि कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत सहित वरिष्ठ विधायक गणों को पार्टी का सक्रिय सदस्यता ग्रहण कराकर सक्रिय सदस्यता अभियान का जिले में शुभारंभ किया गया। मैं जिले के सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान करता हूं कि वे सक्रिय सदस्य बनकर पार्टी में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं द्य जिले में भाजपा संगठन पर्व की तरह सक्रिय सदस्यता अभियान में भी इतिहास रचेगी। अवसर पर पार्टी के जिला महामंत्री, श्याम तिवारी,सक्रिय सदस्यता समीक्षा समिति के जिला प्रभारी हरिराम सिंह,सदस्यता समिती जिला सदस्य वीरेन्द्र पाठक,निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया, चैन सिंह ठाकुर भाजपा नेता सुखदेव मिश्रा कार्यालय मंत्री देवेन्द्र कटारे, पूर्व निगम अध्यक्ष प्रदीप पाठक,अंशुल परिहार,बालकिशन सोनी उपस्थित रहे उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने दी।

# कलेक्टर ने किया घाटमपुर स्कूल का निरीक्षण

## व्यवस्थाएं देखकर की सराहना

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। कलेक्टर संदीप जी. आर. ने घाटमपुर स्कूल पहुंचकर निरीक्षण किया। स्कूल की व्यवस्थाएं देखकर उन्होंने स्कूल प्रबंधन की सराहना की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विकास शा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के बी अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर संदीप जी. आर. ने घाटमपुर स्कूल पहुंच कर वहां के बच्चों से पढ़ाई एवं विषय संबंधी जानकारी ली एवं मौके पर ही शिक्षक से बच्चों को अध्ययन भी कराया। उन्होंने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई, स्वच्छता देखकर एवं बच्चों का शैक्षिक स्तर देखकर विद्यालय प्रबंधन की सराहना की। कलेक्टर संदीप जी आर, पुलिस अधीक्षक विकाश शाहवाल ने बच्चों से गणित, अंग्रेजी संबंधी सवाल पूछे एवं पाठ्य पुस्तक का अध्ययन भी कराया । इस अवसर सरोज प्रजापति, संतोषी लोधी, मालती उपाध्याय सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।



# छात्राऐं महाविद्यालय की समृद्ध संपदा - श्री अनिल पारे

## द्वितीय दिवस युवा उत्सव में दुष्यंत शकुंतला नाट्य मंचन

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। शासकीय स्वशासी कन्या महाविद्यालय में युवा उत्सव में विभिन्न गतिविधियां संपन्न हुई प्रात: 9 बजे से कोलाज एवं कार्टूनिंग डॉ. संजय दुबे, श्री. रोहित सेनी, श्रीमती निक्की बांगर, डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव, डॉ. आनंद भट्ट, श्री अंकुर रानौदिया। समूह गायन भारतीय एवं समूह गायन पाश्चात्य एवं एकल गायन पाश्चात्य डॉ. सरिता जैन, प्रगति बिल्थरे, श्री आशीष रैकवार, द्वारा आयोजित किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता भारतीय संस्कृति की सोलह कलाओं विषय पर श्री नंदकिशोर लोधी, डॉ. सुनीता आर्य, डॉ. सीमा दांगी, श्री उग्रदास वर्मा। मिमिक्री, मूकअभिनय एवं स्किट प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. अंजना नेमा, डॉ. श्वेता ओझा, डॉ. सुनीता आर्य द्वारा किया गया। एकांकी डॉ. रश्मि मलैया एकल नृत्य शास्त्रीय एवं समूह लोक नृत्य डॉ. प्रतिभा खरे के संयोजन में आयोजित किए गए। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अनिल पारे जी पूर्व न्यायाधीश इंदौर ने कहा छात्राओं के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा इन गतिविधियों में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही छात्राऐं महाविद्यालय की समृद्ध संपदा है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री हेमन्त कुमार कश्यप कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सागर ने कहा महाविद्यालय में जीवनपयोगी सभी का कलाओं का प्रशिक्षण मिलना छात्राओं के जीवन की सफलता को सुनिश्चित करता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आनंद तिवारी ने कहा युवा उत्सव छात्राओं के मन के आन्नद का उत्सव है, जिसमें उनका प्रदर्शन ही महाविद्यालय को प्रतिष्ठा दिलवाता है। युवा उत्सव प्रभारी डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने समापन अवसर पर धन्यवाद देते हुए विजयी छात्राओं को जिलास्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु शुभ कामनाऐं दी। महाविद्यालय का समस्त परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम में डॉ. वाय.पी.सिंह, डॉ. संजय खरे, डॉ. विन्दु श्रीवास्तव, डॉ. अंजना नेमा, डॉ. अंशु सोनी, डॉ. सिद्धार्थ सिंह, डॉ. आशुतोष शर्मा, डॉ. अजय द्विवेदी, डॉ. अपर्णा चाचौंदिया, डॉ. दीप्ति जैन, कु सुप्रिया यादव, प्रगति बिल्थरे, श्री अभिषेक समैया, श्री अनिमेष जैन, उपस्थित रहें।



# पुलिस ने 15 साल से फरार 3000 रूपये के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। पुलिस अधीक्षक सागर के निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर एवं अनुविभागीय अधिकारी राहतगढ़ के मार्गदर्शन मे सभी फरार आरोपियों की गिरिफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना जैसीनगर के अपराध क्रमांक 72/2009 धारा 376,511,448 ताहि के आरोपी शिवनारायण मुड़ोतिया पिता कुंजबिहारी मुडोतिया उम्र 49 वर्ष निवासी जर्वास थाना खुरई को आज दिनांक 19/10/24 को ग्राम जर्वास थाना खुरई से गिरिफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जो माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी की न्यायिक अभिरक्षा पर जेल भेजा गया. उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी जैसीनगर उनि रामदीन सिंह,प्रआर सतीश श्रीवास्तव, प्रआर केके यादव,प्रआर सौरभ रैकवार,आर.जीतेन्द्र रजक,आर.विनोद सिंह,आर.संदीप सोलंकी,आर.सोनू गौतम की सराहनीय भूमिका रही.




# कई बार लापरवाही के चलते आर्थिक एवं आपराधिक फ्रॉड होते हैं जिस से हम सतर्क रह कर ही बच सकते हैं-अम्बिका ठाकुर

### बीपीसीएल रिफायनरी द्वारा अपराधियों को नियंत्रित करने सायबर सिक्यूरिटी की कार्यशाला का 3 दिवसीय शिविर का आयोजन

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/बी.पी.सी.एल बीना रिफायनरी के द्वारा सायबर सुरक्षा, सायबर फ्रोड एवं सायबर सिक्यूरिटी की कार्यशाला का 3 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमे इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को सायबर सुरक्षा की जानकारी से अवगत कराते हुए जागरूकता प्रदान करना है एवं इस कार्यक्रम को शासकीय स्कूल पार व प्रायवेट स्कूल इम्पीरियल इंटरनेशनल लायरा स्कूल में आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के सायबर मामलों के सम्बंधित में संक्षेप विवरण कर सायबर एक्सपर्ट के द्वारा सभी छात्रों ,शिक्षको व उनके अभिभावकों को जागरूक किया गया और कार्यक्रम का संचालन ऑल इंडिया सायबर एसोसिएशन के अधिकारी महेश श्रीवास्तव एवं उनकी टीम के द्वारा विषय को विस्तार से बताया गया गया एवं कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया है, जिसमे उपस्थित सभी छात्रों ने बढ़ - चढ़ कर हिस्सा लिया और पुरुस्कार भी प्राप्त किये। आयोजन में उपस्थित बीपीसीएल के अधिकारी निर्मला नंदी ,विक्की खस , अभिलाष सनोदिया ,मोहित कहार ,अभय सिंह ,सौरभ कुमार ,हरिओम किरार एवं यतेन्द्र अवस्थी उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम में सहयोग देते हुए अपनी अपनी सहभागिता निभाई एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल प्राचार्या अम्बिका ठाकुर ने सायबर सिक्योरिटी कार्क्रम की सराहना करते हुए कहा कि हमारे जो बच्चे मोबाईल अथवा ऐसे किसी भी गैजेट का उपयोग करते हैं जिसमें इंटरनेट के माध्यम से हैक होने की गुंजाइश हो उन्हें सतर्कता से इसका प्रयोग करना चाहिए कई बार लापरवाही के चलते आर्थिक एवं आपराधिक फ्रॉड होते हैं जिस से हम सतर्क रह कर ही बच सकते हैं। संस्था के सदस्य सत्यजीत सिंह ने आल इंडिया आईटी एसोसिएशन के महेश श्रीसतव का आभार प्रकट करते हुए कहा की ग्रामीण विद्यार्थियों की बीच ऐसी महत्त्वपूर्ण और उपयोगी जानकारी पहुंचाना निश्चित ही सराहनीय है और इस जानकारी का प्रचार प्रसार विद्यार्थियों अभिभावकों द्वारा समाज में किया जाये जिस से डजीटल फ्रॉड पर रोक लग सके।



# एक स्थान पर ग्रामीणों की शिकायतों का निराकरण करने के लिए गांव-गांव में शिविर लगाए जा रहे हैं-सप्रे

### -ग्राम पंचायत मंडीबामोरा और बुखारा में जन सुनवाई का आयोजन

### -92 शिकायतों में से 23 का मौके पर निराकरण किया

परिहार गर्जना न्यूज। बीना। ग्राम पंचायत मंडीबामोरा और बुखारा में जन सुनवाई का आयोजन किया गया जिसमें 92 शिकायतों में से 23 का मौके पर निराकरण किया गया जनता की गौरतलब है कि शिकायतों और समस्याओं का समाधान करने शुक्रवार को ग्राम पंचायत मंडीबामोरा और बुखारा में जन सुनवाई का आयोजन किया। दोनों पंचायतों में 92 शिकायतें आईं, इनमें से 23 का मौके पर निराकरण किया। शेष शिकायतें संबंधित विभागों में भेजकर एक सप्ताह में निराकरण करने का आश्वासन दिया है। मंडीबामोरा में आयोजित जन सुनवाई में शामिल विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि एक स्थान पर ग्रामीणों की शिकायतों का निराकरण करने के लिए गांव-गांव में शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई बार छोटी-छोटी शिकायतें लेकर लोग तहसील और जनपद के चक्कर लगाते हैं। ऐसी शिकायतों का पंचायत स्तर पर समाधान करने यह शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिल रहा है। शिविर में उपस्थित एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मंडीबामोरा और बुखारा पंचायत में कुल 92 शिकायतें आई हैं, इनमें से 23 शिकायतों का मौके पर निराकरण किया है। उन्होंने बताया कि शेष शिकायतों के समाधान के संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है, वह एक सप्ताह में सभी शिकायतों का समाधान करेंगेइस मौके पर बड़ी संख्या में अधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्र की जनता उपस्थित थे।



# मिलावटखोरों और नकली खाद्य पदार्थो की बिक्री पर कसेगी नकेल, नकली मावा की खेप पकड़ी

## थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध 20 क्विंटल नकली मावा पकड़ा



**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। फूड विभाग की उदासीनता और लापरवाही के चलते शहर में मिलावटी दूध से लेकर घी, मावा सहित अनेक खाद् य पदार्थों की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। त्यौहारों पर मिलावटी सामान की धड़ल्ले से बिक्री की जाती रही है। नवागत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कोतवाली टीआई पंकज शर्मा के नेतृत्व में कार्रवाई कर पुलिस मिलावटखोरों और नकली खाद्यान्न बेंचने वालों में दहशत फैलाने में कामयाब रही है। बताया गया है कि नकली खाद्य पदार्थ की बिक्री समाज के लिए घातक है। नकली खाद्यान के रूप में जनता के बीच में पहुंच रहा स्लो प्वाइजन घातक है। यह बिक्री कोई पहली बार नहीं हो रही है। फ र्क सिर्फ इतना है कि इन मिलावटखोरों पर अब तक शिकंजा नहीं कसा गया। लेकिन अब लगता है कि ऐसा नहीं होगा। कोतवाली पुलिस एक्शन मोड पर आकर मिलावट खोरों को दबोचने में लग गई है। दीपावली पर लोगों के घरों पर मावा और खोवा पहुंचे, ज़हर नहीं। यह पहल पुलिस ने शुरू कर दी है। इस कार्रवाई ने लोगों में उम्मीद की नई किरण जगाई है। अब देखना है कि यह मुहिम आगे और क्या गुल खिलाती है। बताया गया है कि आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई ने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को सघन चैंकिंग करने हेतु निर्देशित किया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली पंकज शर्मा के द्वारा बीते रोज 18 अक्टूबर 2024 को रात्रि करीब 23:30 बजे मुखबिर की सूचना पर ओरछा ट्रेवल्स की यात्री बस क्रमांक एमपी 15 पीए 0775 से 20 क्विंटल नकली मावा परिवहन करते हुए पकड़ा एवं मौके पर फूड इंस्पेक्टर मनीष जैन को बुलाकर कार्यवाही की गई। उपरोक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक सतीश शर्मा, प्रधान आरक्षक रतिराम, आरक्षक गजेन्द्र, आरक्षक रिषि, आरक्षक पुष्पराज, आरक्षक अजय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। नागरिकों ने इस कार्रवाई पर खुशी जाहिर करते हुए पुलिस अधीक्षक और नगर निरीक्षक की सराहना की है। यहां बता दें कि अब तक शहर में फूड और ड्रग विभाग की कार्रवाई संतोषजनक नहीं रही है। इन विभागों की लापरवाही और उदासीनता के चलते ही अब तक इन मिलावटखोरों और नकली सामान बिक्रेताओं के हौसले बुलंद बने हुए है। जिले में अब तक सुविधा शुल्क और सांठगांठ के चलते अधिकांश अन्य विभागों की जिम्मेदारियों को भी पुलिस विभाग को ही निभाना पड़ रहा है।

***बसों में ढोया जा रहा सामान-***

इन दिनों अवैध सामान और लगेज को लेकर यात्री बसें भी चर्चाओं में बनी हुई हैं। लगेज बुक करने वाले का न तो नाम-पता पूंछा जाता है और न ही उनकी किसी प्रकार की स्टाफ को जानकारी रहती है। लगेज की कमाई के चलते बस स्टाफ अंजाने में ही सही, लेकिन अवैध कार्यों को अंजाम देते आ रहे हैं। अवैध सामान पकड़े जाने पर कई बार आरोपियों तक का सुराग नहीं लग पाता है। यहां से इंदौर, भोपाल, जबलपुर, दमोह, ग्वालियर, झांसी सहित अन्य स्थानो के लिए ढोया जा रहा लगेज और सामान चर्चाओं का विषय बना रहा है। इतना ही नहीं बसों से पैट्रोल सहित अन्य ज्वलनशील पदार्थ तक यूपी से एमपी में बसों द्वारा लाए जाते रहे हैं।

***ग्वालियर से जबलपुर जा रहा था मावा-***

नगर निरीक्षक पंकज शर्मा ने बताया कि ग्वालियर से जबलपुर की ओर जा रही ओरछा ट्रांसपोर्ट की बस से मावा ग्वालियर से जबलपुर ले जाया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर नगर के अस्पताल चौराहे से बस का पीछा किया गया। बस को जेल के पास रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान पुलिस ने बीस किलो मावा बरामद किया। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद नकली मावा बिक्रेताओं में खलबली मची हुई है।

# झोलाछाप डॉक्टर की अवैध क्लिनिक एवं मेडिकल को किया गया सील

## बीएमओ बल्देवगढ़ ने की कार्रवाई

परिहार गर्जना न्यूज। बल्देवगढ़। एक ओर जिले में गरीबों का उपचार करते आ रहे झोलाछाप डाक्टरों को टीकमगढ़ सहित अन्य इलाकों में जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अभयदान दिया जा रहा है, वहीं बल्देवगढ़ क्षेत्र में बीएमओ द्वारा छापामार कार्रवाई कर झोलाछाप डाक्टरों पर शिंकजा कसा जाने लगा है। बीएमओ श्री सौलंकी द्वारा की गई कार्रवाई के बाद से यहां के झोलाछाप डाक्टरों में खलबली मच गई है। बताया गया है कि बल्देवगढ़ विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत लगातार झोला छाप डॉक्टरों के द्वारा अवैध क्लिनिक एवं मेडिकल संचालित किये जा रहे हैं, लेकिन अब तक इन पर किसी प्रकार से कार्रवाई न होने के कारण हौसले बुलंद बने हुए थे। बल्देवगढ़ खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अभिषेक सिंह सोलंकी के द्वारा बताया गया कि कार्रवाई के दौरान झोलाछाप डाक्टरों पर लगातार दविश दी जा रही है। इसी कार्रवाई के दौरान सरकनपुर गांव में डॉ आनंद विश्वास के द्वारा अवैध क्लिनिक संचालित की जा रही थी, साथ ही बिना लाइसेंस के दवाओं का भंडारण एवं विक्रय किया जा रहा था, जिस पर खंड चिकित्सा अधिकारी के द्वारा अपनी टीम के साथ पहुंचकर क्लिनिक पंजीयन की जांच की। जिस पर किसी प्रकार से कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। उन्होंने बताया कि अवैध तरीके से संचालित उक्त क्लीनिक एवं अवैध मेडिकल को सील किया गया और मामले को जांच में लिया गया है।




# अवैध मुरम, गिट्टी का परिवहन करते आठ वाहन पकड़े, दो डंफर भी शामिल

## दो दिन में खनिज माफियाओं पर हुई ताबड़तोड़ कार्रवाई

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिले भर में चल रहे खनिज उत्खनन के अवैध कारोबार पर कलेक्टर अवधेश शर्मा के निर्देशन में काबू पाने के लिए कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग के सहायक खनिज अधिकारी प्रशांत तिवारी के नेतृत्व में इन दो दिनों में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अनेक वाहनों को जप्त किया है। बताया गया है कि इन वाहनों में दो डंफर भी शामिल हैं। खनिज अधिकारी श्री तिवारी ने इन अवैध उत्खनन करने वालों पर मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई। बताया गया है कि खनिज विभाग के सहायक खनिज अधिकारी प्रशांत तिवारी द्वारा ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए लगातार दो दिन में कुल 8 वाहनों को अबैध खनिज परिवहन करते हुए पकड़ा। श्री तिवारी ने बताया कि इन दिनों अवैध खनिज उत्खनन करने वालों की धरपकड़ करने के लिए अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। संपूर्ण जिले में की जा रही इस कार्रवाई के चलते खनिज माफियाओं में खलबली मची हुई है। छापामार कार्रवाई के संबन्ध में मिली जानकारी के मुताबिक बीते रोज खनिज अधिकारी श्री तिवारी ने दो ट्रेक्टरों को अवैध खनिज परिवहन करते पकड़ा। जिन के दौरान आज बल्देवगढ़, खरगापुर, पलेरा, जतारा व टीकमगढ़ देहात थानांतर्गत कुल 6 वाहन पकड़े गए। जिसमे 4 ट्रैक्टर व दो हाइवा वाहन शामिल हैं। इसके अलावा एक दिन पूर्व कार्यवाही करते हुए खनिज विभाग से प्रशांत तिवारी द्वारा जतारा व देहात थानांतर्गत दो अलग-अलग कार्रवाईयों में दो ट्रैक्टर पकड़े गए थे। प्रशांत तिवारी के नेतृत्व में खनिज विभाग द्वारा लगातार दो दिन से की जा रही कार्रवाई से खनिज माफि याओं में हड़कंप मची हुई है। देखा जा रहा है कि जिले में खनिज माफि या पिछले कुछ महीनों से बेफिक्र होकर बे-रोकटोक खनिज का अवैध व्यापार कर रहे थे। अब अचानक तेज हुई कार्रवाई के चलते खनिज माफि याओं में हड़कंप मचा हुआ है। संपूर्ण जिले में एक साथ कार्रवाई करते हुए अवैध परिवहन करने वालों पर दविश दी गई। श्री तिवारी ने बताया कि बीते रोज पकड़े गए वाहनों को मजना एवं जतारा पुलिस के हवाले किया गया। इसके साथ ही आज शनिवार को सुबह से ही जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों का भ्रमण कर अवैध परिवहन करने वालों को तलाशा गया। इस दौरान उन्होंने दो डंपर सहित छह वाहनों पर कार्रवाई की। बताया गया है कि इन दो दिनों में आठ वाहनों पर हुई कार्रवाई के दौरान श्री तिवारी ने वाहनों पर मामला दर्ज कर मप्र खनिज गौड़ अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीवद्ध किये है। यह प्रकरण जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। इस कार्रवाई के दौरान सहायक खनिज अधिकारी प्रशांत तिवारी के साथ भूपेन्द्र खरे, राजेश, वीरेन्द्र, महेन्द्र बुंदेला, सैनिक परिहार, हरबल सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।



# दुष्कर्म के आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। थाना खरगापुर अंतर्गत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुराचार के आरोपी को 24 घंटे में गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई आरंभ कर आरोपी को गिरफ्तार किया। बताया गया है कि बीते रोज 18 अक्टूबर 24 को थाना खरगापुर मे फ रियादिया पीड़िता ने आरोपी के विरुद्ध जबरदस्ती घर में घुसकर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट की थी। घटना की रिपोर्ट पर थाना खरगापुर मे अपराध क्रमांक 276/2024 धारा 64, 332(इ),115(2), 351(2) (3) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया । पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मण्डलोई द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुये आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ सीताराम एवं एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना खरगापुर पुलिस द्वारा 24 घंटे के अंदर आरोपी रामसिहं पिता नाथूराम यादव उम्र 32 साल निवासी ग्राम पिपरा थाना खरगापुर जिला टीकमगढ को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय जेआर पर पेश किया गया, जहां से माननीय न्यायालय द्वारा उक्त आरोपी को जेल भेजा दिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी उनि मनोज द्विवेदी, सउनि कामता प्रसाद प्रजापति, सउनि पन्नालाल, प्रआर सनिल शर्मा, प्रआर मुकेश कुशवाहा, आरक्षक दीपक, सरमन, योगेश, रामसिंह, महिला आरक्षक हर्षिता, संजू की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की नागरिकों ने सराहना की है।



# पन्ना जिले के लोक निर्माण विभाग (भवन) में बड़ा फर्जीवाड़ा

## ठेकेदार को आर्थिक लाभ पंहुचानें के लिए पैतीस लाख कर दिया गया कूट रचित भुगतान

ऋषि मिश्रा

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले में व्याप्त भ्रष्टाचार सारी सीमाएं लांघ चुका है। जिले के कतिपय प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारियों, सत्ताधारी दल के जनप्रतिनिधि-राजनेता मिलकर संगठित तरीके से सरकारी धन को लूटकर अपनी तिजोरी भरने के एक सूत्रीय अभियान में जुटे है। यहां आए दिन सरकारी योजनाओं एवं कार्यों में गंभीर अनियमितता से जुड़े हैरान करने वाले मामले सामने आने से सूबे की मोहन सरकार का भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने का दावा पूरी तरह खोखला साबित हो रहा है। पन्ना के लोक निर्माण विभाग (भवन) के कार्यपालन यंत्री व सहायक यंत्री का फर्जीवाड़ा इसका ताज़ा उदाहरण है। दोनों ही तकनीकी अधिकारियों पर जिला चिकित्सालय उन्नयन कार्य के ठेकेदार को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए पद का दुरुपयोग करते हुए भुगतान संबंधी नियम-प्रक्रिया को ठेंगा दिखाने का आरोप लगा है। कथित तौर पर निहित स्वार्थपूर्ति के चक्कर में तकनीकी अधिकारियों ने माप पुस्तिका के साथ छेड़छाड़ करते हुए कूटरचित बिल तैयार कर जिला अस्पताल में कार्य करने वाले ठेकेदार को पैतीस लाख रुपये का अतिरिक्त भुगतान कर दिया। भवन का जो कार्य अभी हुआ भी नहीं ठेकेदार को उसकी राशि का भुगतान कर शासन को आर्थिक क्षति पहुँचाने से जुड़े इस मामले का खुलासा किसी ओर ने नहीं बल्कि संबंधित कार्य के प्रभारी उपयंत्री ने विभाग के प्रमुख सचिव को भेजी गई शिकायत में किया है। कार्यपालन यंत्री के मनमाफिक ठेकेदारों को अतिरिक्त भुगतान करने में आवश्यक सहमति न देने पर उपयंत्री के प्रभार से संबंधित कार्यों में चार साल के अंदर सात बार बदलाव किया गया। आरोपों की गंभीरता को देखते हुए प्रमुख सचिव ने मामले की जांच के निर्देश दिए है। आर्थिक अनियमितता एवं प्रताड़ना से संबंधित इस प्रकरण की जांच अधीक्षण यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग मण्डल रीवा ने शुरू कर दी है। निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग (पीआईयू) वर्तमान नाम लोक निर्माण विभाग (भवन) पन्ना ने माह नवंबर





2020 में दो सौ बिस्तरीय जिला चिकित्सालय पन्ना का 300 बिस्तरीय में उन्नयन करने के लिए कार्यादेश जारी किया था। लगभग 14 करोड़ से अधिक की लागत से नवीन जिला अस्पताल का निर्माण कार्य ठेके पर लक्ष्मी चन्द एण्ड कम्पनी, ग्वालियर द्वारा कराया जा रहा है। कार्य पूर्णता के लिए निर्धारित समयसीमा दो वर्ष पूर्व समाप्त होने के बाद भी अस्पताल का भवन अभी भी अधूरा पड़ा है। घटिया फिनिशिंग वर्क तथा कार्य की गुणवत्ता को लेकर शुरू से ही भवन निर्माण पर सवाल उठते रहे हैं। लेकिन कमीशन के चक्कर में जिम्मेदार तकनीकी अधिकरियों से लेकर कंसल्टेंट एजेंसी ने निर्माण कार्य को गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप कराने के लिए ठेकेदार पर कभी भी जोर नहीं डाला। जानबूझकर बरती जाने वाली इस उदासीनता से जिम्मेदार अधिकारीयों और ठेकेदार के बीच सांठगांठ होने के संकेत मिलते है। इनके बीच सांठगांठ कितनी गहरी है, इसका अंदाजा सिर्फ इसी बात से लगाया जा सकता है कि तकनीकी अधिकारियों पर ठेकेदार को आर्थिक लाभ पहुँचाने के बेहद गंभीर आरोप लगे हैं। निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बगैर अस्पताल भवन के ठेकेदार को बार-बार मनमाने तरीके से लाखों रुपए का भुगतान कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने के मामले में स्थानीय स्तर पर कोई कार्यवाही न होने से निराश प्रभारी उपयंत्री पीके जैन काफी समय से मानसिक आघात की स्थिति से जूझ रहे थे। वरिष्ठ तकनीकी अधिकारियों को वस्तुस्थिति से अवगत कराने पर भी अवैध भुगतान पर रोक नहीं लग सकी। इस स्थिति से परेशान होकर उपयंत्री द्वारा अतिरिक्त भुगतान मामले की शिकायत लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव से की गई तथा उल्लेख किया गया की, एमबी से छेड़छाड़ करके कूटरचित बिल तैयार कर संविदाकार को मनमाना भुगतान करने से जुड़ी शिकायत को प्रमुख सचिव ने गंभीरता से लेते हुए मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग (भवन) संभाग रीवा को कमेटी गठित कर जांच करने के निर्देश दिए है। लेकिन मुख्य अभियंता द्वारा कमेटी गठित न करके प्रभारी अधीक्षण यंत्री मण्डल रीवा केके सिंघारे को जांच के सिलसिले में दिनांक 9 अक्टूबर 2024 को पन्ना भेजा। अधीक्षण यंत्री सिंघारे ने शिकायत की जांच हेतु पन्ना आगमन की पूर्व सूचना शिकायतकर्ता को नहीं दी। उन्होंने पन्ना पहुँचने के बाद उपयंत्री जैन को मोबाइल पर कॉल करके उन्हें निर्माणाधीन अस्पताल भवन में बुलाया था। कार्य का सत्यापन करने के लिए जांच अधिकारी के पास मौके पर स्वीकृत एनआईटी, डिटेल स्टीमेट, टाइम एक्सटेंशन लेटर आदि आवश्यक दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं थे।

समझौता न करने पर प्रभार में बदलाव की सजा

अधीक्षण यंत्री एवं जांच अधिकारी श्री सिंघारे को उपयंत्री जैन ने बताया कि, कार्यपालन यंत्री व सहायक यंत्री की ठेकेदार से सांठगांठ के चलते बिल भुगतान के समय प्रभार वाले कार्यों में बार-बार बदलाव करके उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। वर्ष 2015 से लेकर 2018 तक छह बार और वर्ष 2021 से लेकर 2024 तक सात बार प्रभार वाले कार्यों में बदलाव किया गया। उपयंत्री का आरोप है, कार्यों की गुणवत्ता से समझौता न करने और ठेकेदार को अतिरिक्त भुगतान जैसे अवैध कार्य में सहयोग न करने की उन्हें लगातार सजा दी जा रही है। हद तो तब हो गई जब मनमाफिक कार्य करवाने एवं निर्माण कार्यों की प्रगति के कागजी घोड़े दौड़ने के लिए कार्यपालन यंत्री (भवन) लोनिवि पन्ना ने जिले के कार्यों की निगरानी का अतिरिक्त प्रभार पड़ोसी जिला सतना में पदस्थ उपयंत्रियों को सौंपने का आदेश जारी कर दिया। यह अजब-गजब व्यवस्था पिछले कई सालों से चल रही है। इस अव्यवहारिक और अदूरदर्शी फैसले के दुष्परिणाम निर्माण कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित होने के तौर पर सामने आने के बाद भी वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी अपनी गलती को सुधारने के लिए तैयार नहीं हैं। ठेकेदार को आर्थिक लाभ पहुंचाकर अपने हित साधने में जुटे तकनीकी अधिकारियों के मनमाने रवैये का अंदाजा इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि पिछले चार साल से ठेकेदार शासकीय स्रोत से पानी का उपयोग कर बिल्डिंग बना रहा है लेकिन माप पुस्तिका में इसे दर्ज नहीं किया गया।

टाइम एक्सटेंशन के बगैर निर्माण और भुगतान जारी

हॉस्पिटल भवन उन्नयन के लिए निर्माण एजेंसी के द्वारा दिनांक 6 नवंबर 2020 को संविदाकार को जारी किए गए कार्यादेश में कार्य पूर्णता के लिए 2 वर्ष की समयसीमा निर्धारित की गई थी। कथित तौर पर साइट पर अवैध कब्जा होने के कारण तय समयसीमा में निर्माण पूरा नहीं हो सका। कार्य पूर्णता की समयावधि समाप्त हुए करीब दो वर्ष का लंबा अर्सा गुजरने के बाद भी आज तक कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग पन्ना ने समय विस्तार हेतु सक्षम अधिकारी से आवश्यक अनुमति प्राप्त नहीं ली। जबकि समयावधि बढ़ाने हेतु आवश्यक अनुमति प्राप्त करने के लिए प्रभारी उपयंत्री की ओर से बकायदा पत्राचार कर संबंधित ठेकेदार और कार्यपालन यंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया गया। लेकिन लोनिवि (भवन) पन्ना में व्याप्त हद दर्जे की अंधेरगर्दी का हाल यह है कि, टाइम एक्सटेंशन की अनुमति/स्वीकृति के बगैर पिछले दो साल से नियम-प्रक्रिया का माखौल उड़ाते हुए न सिर्फ ठेकेदार अपनी गति से कार्य करवा रहा है बल्कि विभाग के द्वारा बिना किसी पेनाल्टी के उसके बिलों का भुगतान भी नियमित रूप से किया जा रहा है।

***इनका कहना है:-***

ठेकेदार को सभी भुगतान नियमनुसार किए गए। किसी भी भुगतान में कहीं कोई फर्जीवाड़ा नहीं हुआ, जिसका सत्यापन मौके पर कार्य की प्रगति का एमबी से मिलान करके किया जा सकता है। शासन ने जांच टीम गठित कर दी है, जांच दल को प्रत्येक आरोप का जवाब दिया जाएगा।

***जगदीश प्रसाद सोनकर, पूर्व कार्यपालन यंत्री (भवन) लोनिवि पन्ना***

पन्ना के निरीक्षण के दौरान कार्य का सत्यापन करने के लिए मौके पर आवश्यक दस्तावेज मंगाए गए थे। भवन की गुणवत्ता तथा कार्य के अनुपात में भुगतान से संबंधित जो भी कुछ देखा है उसका उल्लेख रिपोर्ट में किया जाएगा। रिपोर्ट तैयार करने के लिए पन्ना से आवश्यक दस्तावेज मंगाए है। अगले सप्ताह तक मुख्य अभियंता को अपनी जांच रिपोर्ट सौंप दूंगा। उपयंत्री के प्रभार में बार-बार बदलाव किया जाना मेरे कार्यक्षेत्र और जांच से संबंधित विषय नहीं है इसलिए मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा।

***केके सिंघारे, अधीक्षण यंत्री (भवन) लोनिवि सर्किल रीवा***

उपयंत्री प्रमोद कुमार जैन के आरोपों की जांच केके सिंघारे, प्रभारी अधीक्षण यंत्री, (भवन) मण्डल रीवा को सौंपी है। वे पिछले सप्ताह पन्ना जाकर स्थल का निरीक्षण और दस्तावेजों से कार्य का सत्यापन कर चुके है। .संभवतः अगले सप्ताह तक उनके द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। जांच रिपोर्ट में जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार आगे की कार्यवाही की जाएगी।

***जी.एस. बघेल, मुख्य अभियंता, (भवन) लोनिवि, संभाग रीवा***

## क्षेत्रीय पत्रकार के साथ मारपीट करने के मामले को लेकर पत्रकारो नें मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिला मुख्यालय के पत्रकारों ने शाहनगर के टिकरिया निवासी क्षेत्रीय पत्रकार सतीश विश्वकर्मा के साथ बृजपुर थाना के प्रभारी भानू प्रताप सिंह द्वारा की गई मारपीट को लेकर कार्यवाही करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया। ज्ञात हो कि गत दिवस शाहनगर के ग्राम टिकरिया में एक कार्यवाही के दौरान कवरेज कर रहे पत्रकार सतीश विश्वकर्मा के ऊपर बृजपुर थाना प्रभारी भानू प्रताप सिंह द्वारा हमला कर दिया वह इस कदर नाराज हुए कि उन्होंने उसकी कलर पड़कर बीच सड़क में उसे घसीट कर अपनी गाड़ी में बैठाने लगे जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था। जिसके बाद क्षेत्र और जिले के समस्त पत्रकार में भारी रोष उत्पन्न हुआ क्योंकि लगातार भानु प्रताप सिंह की इस प्रकार की हरकत से सीधे तौर पर कर रहें है। उसके बावजूद वरिष्ट अधिकारीयों द्वारा संबंधित के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। इसके पूर्व भी उनके द्वारा जिला अस्पताल में पत्रकारो के साथ अभद्र व्यवहार किया था। जिसके संबंध में पुलिस अधीक्षक जिले के पत्रकारो ने ज्ञापन सौपा था। लेकिन उक्त मामले की जांच आज तक नही हुई है और न ही संबंधित के खिलाफ कोई कार्यवाही की गई है वर्दी की आड़ में पत्रकारों को सीधे तौर पर कवरेज कर उनको अपना निशाना बनाने का प्रयास कर रहे हैं। पत्रकारो नें पन्ना कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर मुख्यमंत्री एवं प्रदेश के सभी पुलिस के आला अधिकारियों के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि अपर कलेक्टर को ज्ञापन देकर संबंधित उपनिरीक्षक भानू प्रताप सिंह के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है।



कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा एनपीके, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी और डीएपी के अन्य विकल्पों पर विस्तृत जानकारी, फसलों के पोषण और उर्वरकों के सही उपयोग से जुड़ी शंकाओं का समाधान पर आधारित रही

# एनपीके, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी और डीएपी के अन्य विकल्पों पर कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा कृषि विज्ञान केन्द्र में संपन्न




**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह = 19 अक्टूबर। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर आज कृषक-वैज्ञानिक परिचर्चा कृषि विज्ञान केंद्र दमोह में आयोजित की गई। यह कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा एनपीके, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी और डीएपी के अन्य विकल्पों पर विस्तृत जानकारी, फसलों के पोषण और उर्वरकों के सही उपयोग से जुड़ी शंकाओं का समाधान पर आधारित रही।

परिचर्चा में उप संचालक कृषि जितेन्द्र सिंह राजपूत ने कहा इस समय डीएपी कम मात्रा में उपलब्ध है, इसके स्थान पर सिंगल सुपर फॉस्फेट, एन पी के, नैनो यूरिया और नैनो डीएपी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, नैनो यूरिया और नैनो डीएपी लगभग वही काम करता है, जैसे एक बोरी यूरिया करता हैं, उसी तरह से एक बॉटल नैनो वही काम करती है। सहायक संचालक कृषि जे.एल. प्रजापति ने कहा परंपरागत डीएपी के स्थान पर नैनो डीएपी के और अच्छे विकल्पों का उपयोग किसान भाई कर सकते हैं। उन्होंने कहा इन विकल्पों से पर्यावरण प्रदुषण रोकने, स्वास्थ्य, मृदा की उर्वरकता मे वृद्धि होती हैं। जिला विपणन अधिकारी इंद्रपाल सिंह राजपूत ने कहा डीएपी के विकल्प के रूप में शासन ने कई चीजे उपलब्ध कराई हैं। किसान भाई नैनो डीएपी, एनपीके सहित अन्य विकल्पो का उपयोग अवश्य करें, जिससे आपकी फसल, पैसे आदि की बचत अच्छे से हो सके।

आरसी पटैल ने कहा आज कृषि विज्ञान केन्द्र में कृषक-वैज्ञानिक परिचर्चा हुई है, जिसमें इफको के प्रदेश मैनेजर सम्मिलित हुए। उन्होंने नैनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं खाद्य के सभी विकल्पों के सुझाव दिए हैं और उनके बारे में बहुत उपयोगी जानकारी किसानों के लिए प्रसारित की है। उन्होंने बताया कि डीएपी की आज जो किल्लत पड़ रही है, उसके बदले में हम कई विकल्प का उपयोग कर सकते हैं जो किसानों के लिए नुकसानदायक नहीं होंगे और उससे किसानों की फसलों में काफी अच्छा इजाफा होगा।

हरिशचंद्र पटेल ने कहा आज किसानों और कृषि वैज्ञानिकों की परिचर्चा से संबंधित एक कार्यशाला आयोजित हुई है, उसमें सभी किसान भाई और किसान संगठनों के जनप्रतिनिधि और कृषि विज्ञान और इफको के अधिकारी शामिल हुये। उन्होंने कहा जो इफको का नेनो डीएपी और नेनो खाद है, यह पिछले सीज़न में भी बहुत सारे किसानों से संपर्क कर बताया था, जिनने इसका उपयोग किया उन्हें बहुत अच्छे रिजल्ट मिले। अभी भी हम लोग सभी किसानो को प्रेरित कर रहे है कि नेनो डीएपी और नेनो यूरिया का उपयोग फसलों में करें, क्योंकि इससे उत्पादन भी बढ़ता है, बीज उपचार भी होता है और सबसे अच्छा फायदा यह है कि कीटनाशक दवाई के साथ मिलाकर इसका उपयोग किया जा सकता है, जिससे दो काम अलग से नहीं करने पड़ेंगे। दोनों काम डीएपी और कीटनाशक एक साथ हम फसल में डालेंगे, जिससे हमारा श्रम भी बचेगा और फसलों में जो कीटाणु लगते हैं वह भी मारे जाएंगे, तो यही एक सरल पद्धति है, जो इफको द्वारा जारी की गई है। इसलिये नानो डीएपी और नानो यूरिया का सभी किसान भाई उपयोग करें।

तहसील पथरिया के ग्राम तरावली निवासी किसान टीका राम पटेल किसानो से आग्रह करते हुये कहा कि इफको कंपनी के प्रोडक्ट और नैनो डीएपी और नेनो यूरिया का उपयोग करें। उन्होंने कहा यदि आप समय पर काम करते हैं, तो आपको शत-प्रतिशत फायदा मिलेगा।

तहसील पथरिया के ग्राम मिर्जापुर निवासी प्रगतिशील किसान एवं कृषि छात्र कुलदीप पटेल ने कहा आज कृषि विज्ञान केंद्र में इफको के द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें इफको के प्रॉडक्ट के बारे में जानकारी दी गई। डीएपी और यूरिया को लेकर काफी ज्यादा किसानों के बीच में परेशानियां आ रही है। ये मिल नहीं पा रहे है, तो उसके विकल्प के तौर पर हम जो नैनो डीएपी और नैनो यूरिया आ रहा है, इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्होंने कहा मैं इसका रेगुलर इस्तेमाल कर रहा हूँ और आने वाले समय में इसको लगभग 70 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक खेत में इसका इस्तेमाल करूंगा, ये काफी अच्छे प्रॉडक्ट हैं तो इसका इस्तेमाल कीजिये।

इस अवसर पर आर.सी. पटेल, राजेन्द्र पटेल (गुरू) हरीशचंद्र पटेल, राज्य विपणन प्रबंधक इफको भोपाल डॉ. डी.के सोलंकी, प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र दमोह डॉ. मनोज अहिरवार, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र डॉ आर. के. द्विवेदी, महाप्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दमोह अनुपम खरे, राजेश पटेल, रामकरण पटेल, सुरेन्द्र तोमर, बिहारी पटेल, चंद्रभान सिंह सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में दो दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम का हुआ समापन

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह = 19 अक्टूबर। शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में दो दिवसीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। इस सबंध में डॉ. अवधेश जैन ने बताया इन दो दिवसों में वाद विवाद, वक्रता, रंगोली, पोस्टर निर्माण, प्रश्न मंच, नाटक सहित अन्य प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सर्वप्रथम वाद विवाद एवं वक्रता का विषय समाज व राष्ट्र के परिवर्तन लाने में युवाओं की सशक्त भूमिका में प्रथम स्थान दुर्गेश विश्वकर्मा और आलिया बानो ने प्राप्त किया। वक्रता आज का युवा और भारत का भविष्य दुर्गेश विश्वकर्मा प्रथम प्रीति साहू द्वितीय एवं राखी तृतीय स्थान पर रहीं।

इसी प्रकार प्रश्न मंच में प्रथम स्थान साक्षी कुर्मी, साधना ठाकुर, नीलम राठौर, खुशबू विश्वकर्मा, मेघा रजक, आलिया बानो की टीम ने प्राप्त किया। इसी प्रकार पोस्टर निर्माण जिसका विषय राष्ट्र प्रथम: सर्वदा प्रथम में महिमा राठौर प्रथम श्रद्धा रोहित द्वितीय अंजू गौंड स्वाति नामदेव तृतीय स्थान पर रहीं। कार्टूनिंग में साधना ठाकुर प्रथम पूजा विश्वकर्मा क्रांति लोधी द्वितीय स्थान पर रहीं। रंगोली का विषय हमारा भारत श्रेष्ठ भारत में प्रथम अंजलि जैन द्वितीय काजल सेन एवं तृतीय स्थान पर आकांक्षा लोधी रहीं। एकल गायन में अपर्णा दुबे प्रथम द्वितीय काजल विश्वकर्मा रितु लोधी और तृतीय कुमारी सुप्रिया प्रधान रही। समूह गान में अपर्णा दुबे नीतू पाठक तानिया गुप्ता देवी रावत और सृष्टि यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# निजी विद्यालयों हेतु जिला समिति द्वारा जारी किए गए समेकित दिशा-निर्देश

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह = 19 अक्टूबर। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला समिति सुधीर कुमार कोचर ने निजी विद्यालयों के लिये समेकित दिशा निर्देश जारी किये हैं। इन दिशा-निर्देशों के तहत पारदर्शी प्रवेश प्रक्रिया हेतु प्रत्येक निजी विद्यालय द्वारा एक आधिकारिक बेवसाइट बनाई जाये, विद्यार्थियों की दर्ज संख्या 1000 या अधिक होने पर प्रवेश प्रक्रिया पूर्णत: आनलाईन रखी जानी चाहिये। प्रवेश संबंधी सूचना का विज्ञापन सर्वाधिक प्रसारित होने वाले कम से कम दो समाचार पत्रों में प्रकाशित कराया जाये तथा प्रवेश संबंधी सम्पूर्ण जानकारी विद्यालय की वेबसाइट और सूचना पटल पर प्रदर्शित की जानी चाहिये।

जिला शिक्षा अधिकारी एवं समिति के सचिव एसके नेमा ने कहा है, फीस संरचना एवं पोर्टल प्रविष्टि अन्तर्गत परिवहन फीस सहित निर्धारित चौदह मदों में ही फीस लेकर निजी विद्यालय प्रत्येक अभिभावक को फीस की रसीद भी इन्हीं मदों में ही प्रदाय करेंगे। आनलाईन फीस जमा करने वालों को जमा की गयी फीस का बैंक खाते से सत्यापन उपरान्त फीस की रसीद प्रदान की जायेगी, उल्लेखित चौदह मदों के अलावा कोई भी अन्य मद में फीस नहीं ली जानी चाहिये। संस्था को एक ही बैंक खाता रखना चाहिये जिससे समस्त प्रकार के लेन-देन किये जा सकें, अभिभावकों को फीस एवं बैंक संबंधी जानकारी प्रदाय करना चाहिये, किसी भी नाम से कोई भी दान (वस्तु/सामग्री) या प्रति व्यक्ति फीस (केपीटेशन) नहीं ली जाना चाहिये, फीस एवं अनुमानित बजट की जानकारी पोर्टल पर प्रविष्ट की जानी चाहिये।

उन्होंने कहा प्रत्येक निजी विद्यालय संबंधित बोर्ड अथवा परीक्षा निकाय के द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम से हटकर कोई भी पुस्तक पाठ्यक्रम में शामिल नहीं करेंगे, प्रत्येक निजी विद्यालय द्वारा कक्षा एक से बारहवीं तक केवल हृश्वत्रक्ष्र/स्क्क्रक्ष्य भोपाल द्वारा प्रकाशित पाठ्यपुस्तकों को ही अनिवार्यत: लागू किया जाना चाहिये।विद्यालय द्वारा अभिभावकों को चयनित पुस्तकें/स्टेशनरी विक्रेताओं से पुस्स्तकें एवं स्टेशनरी क्रय करने हेतु बाध्य नहीं किया जाना चाहिये, आवश्यकतानुसार चाही गयी पुस्तक प्रदाय की जायें, पुस्तकें सेट में क्रय करने हेतु बाध्य नहीं किया जाये, पुस्तक क्रय के साथ स्टेशनरी क्रय करने की बाध्यता ना रखी जाये, विद्यालय स्तर से निजी प्रकाशकों की किसी भी पुस्तक का विक्रय नहीं किया जायेगा।

प्रत्येक निजी विद्यालय द्वारा उपयोग में आने वाली कक्षावार पाठ्य पुस्तकें, पठन सामग्री, स्टेशनरी बैग, यूनीफॉर्म, स्पोर्ट्स किट, जूते मोजे, टाई बैल्ट आदि जानकारी का विद्यालय के सूचना पटल एवं वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाना चाहिये, उक्त सामग्री को चयनित विक्रेताओं से क्रय करने हेतु बाध्य नहीं किया जाना चाहिये, यूनीफार्म को तीन शैक्षणिक सत्र तक अपरिवर्तनशील रखना चाहिये, रेग्युलर/हाऊस यूनीफॉम में काले व सफेद रंग (कपड़े/कैनवास) के ही जूते लागू करना एवं अन्य रंग के जूते लागू नहीं किये जाना चाहिये।

प्रत्येक निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों की समस्त जानकारी विद्यालय के सूचना पटल के साथ-साथ पोर्टल पर भी प्रदर्शित करना सुनिश्चित की जाये। निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा सत्र 2025-26 हेतु 14 नबम्बर, 2024 तक अनिवार्यत: पुस्तकों की कक्षावार सूची विद्यालय के सूचना पटल एवं वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाये। पाठ्य पुस्तकें, पठन सामग्री, स्टेशनरी, बैग, यूनीफॉर्म, स्पोर्ट्स किट, जूते मोजे, टाई बैल्ट आदि को प्रतिस्पर्धी दरों पर क्रय करने की सुविधा हेतु फरवरी एवं मार्च 2024 में पुस्तक मेलों का आयोजन किया जायेगा जिसके आयोजन की सूचना समस्त निजी विद्यालयों द्वारा संबंधित अभिभावकों को एवं सोशल मीडिया, समाचार पत्र आदि के माध्यम से दी जानी चाहिये।

# अवमानक सामग्री विक्रय करने के आरोप में दोष सिद्ध होने पर 02 अनावेदकों पर 80 हजार रूपये की अर्थदण्ड शास्ति अधिरोपित

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह = 19 सितम्बर। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत अवमानक खाद्य पदार्थ मल्टी ग्रेन आटा विक्रय एवं भण्डारित करने एवं अवमानक सी.के. गोल्ड रिफाईन्ड सोयाबीन तेल के विक्रय पर दोष सिद्ध होने के आरोप में अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी मीना मसराम ने जिले के 02 अनावेदकों पर 80 हजार रूपये के अर्थदण्ड की शास्ति अधिरोपित की है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी रावत (बुधौलिया) द्वारा प्रस्तुत परिवाद पर दमोह जिले के ग्राम उमरी निवासी अनावेदक अमोल पटेल पिता चंद्रभान पटेल द्वारा खाद्य पदार्थ मल्टी ग्रेन आटा विक्रय एवं भण्डारित करने एवं दमोह के जबलपुर नाका निवासी चक्रेश जैन पिता स्व. श्री महेशचंद्र जैन द्वारा अवमानक सी.के. गोल्ड रिफाईन्ड सोयाबीन तेल विक्रय करने के आरोप में 40-40 हजार रूपये के अर्थदण्ड की शास्ति अधिरोपित की है। अधिरोपित शास्ति की राशि एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से ऑनलाइन चालान द्वारा शीर्ष 0210-चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य 04 लोक स्वास्थ्य 104 शुल्क एवं दण्ड आदि 0754 खाद्य एवं औषधि नियंत्रण में जमा कराकर चालान की एक प्रति न्यायालय अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत करना होगी। अधिरोपित शास्ति की राशि 15 दिवस में जमा की जाये। नियत समयावधि में राशि जमा नहीं किये जाने पर अधिनियम की धारा 96 के तहत भू-राजस्व की बकाया की भांति वसूल की जायेगी। उन्होंने आदेशित किया है कि क्रय की गई सामग्री को अपील अवधि पश्चात विनिष्टिकरण किया जाये।

# नगर में करवा चौथ त्यौहार की धूम,पूजा सामग्री और साड़ियों की बिक्री जोरों पर



**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। करवा चौथ का त्यौहार आने पर नगर के बाजार में रौनक देखी जा रही है तथा साड़ियों की दुकानों पर महिलाओं की काफी भीड़ दिख रही है। गौरतलब है कि विवाहित महिलाओं के द्वारा अपने पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए करवा चौथ का व्रत रखा जाता है और करवा चौथ के व्रत पर महिलाएं नये वस्त्र आभूषण पहनकर रात्रि में चांद निकलने पर पूजा करती है तथा अपने पति के हाथ से ही अन्न पानी ग्रहण करती है। टीवी सीरियल देखकर महिलाएं अब इस पर्व को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाने लगी है और नए वस्त्र आभूषण एवं सौंदर्य प्रसाधन का उपयोग कर पूरे दिन व्रत रखकर अपने पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए रात्रि में ही अन्न पानी ग्रहण करती हैं। करवा चौथ त्यौहार आने के पहले महिलाओं के द्वारा साड़ियों आभूषणों एवं सौंदर्य प्रसाधानों की जमकर खरीदारी की जा रही है। नगर में संचालित एस कुमार साड़ी सेंटर के संचालक सौरभ गुप्ता ने बताया कि पिछले लगभग एक हफ्ते से साड़ियों की जमकर बिक्री हो रही है और महिलाओं के द्वारा महंगी से महंगी साड़ियां भी खरीदी जा रही हैं। दुकान के संचालक श्री गुप्ता ने बताया कि करवा चौथ के त्यौहार को देखते हुए हमने साड़ियों का काफी स्टॉक रखा था और हमारे पास 200 रुपए से लेकर 10 हजार तक की साड़ियां उपलब्ध है और सभी तरह की साड़ियां महिलाओं द्वारा खरीदी जा रही है इसके साथ-साथ सौंदर्य प्रसाधन विक्रेताओं के यहां भी महिलाओं की भीड़ दिख रही है तथा बाजार में बिक रही करवा चौथ पूजन की सामग्री पर भी महिलाएं छलनी एवं अन्य पूजन सामग्री खरीद रही है। करवा चौथ त्यौहार को लेकर बाजार में पूजन सामग्री की भी कई दुकानें सजी हैं जहां पर महिलाओं के द्वारा खरीदारी की जा रही है।

# गहोई समाज निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराए जाने की मांग

## वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल हुआ पूर्ण

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। गहोई समाज की वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने के उपरांत अब गहोई समाज की निर्वाचन प्रक्रिया एक बार फिर संपन्न कराए जाने की मांग गहोई समाज के व्हाट्सएप ग्रुप पर की जाने लगी है। गौरतलब है कि आज से लगभग 3 वर्ष पूर्व स्वर्गीय रमेश चंद्र खर्द की अध्यक्षता में गठित निर्वाचन समिति के द्वारा समाज की निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई गई थी जिसमें डॉक्टर कृष्ण प्रकाश खर्द निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होने के साथ संपूर्ण कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित हुई थी। गहोई समाज की निर्वाचित कार्यकारिणी का कार्यकाल 3 वर्ष का रहता है जिसके उपरांत 30 सितंबर को गहोई समाज की निर्वाचित कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने के उपरांत गहोई समाज के व्हाट्सएप ग्रुप पर गहोई समाज के निर्वाचित अध्यक्ष डॉ कृष्ण प्रकाश खर्द के द्वारा अपना कार्यकाल पूर्ण होने के उपरांत अपना कार्यभार समाप्त किए जाने की घोषणा की थी तथा नवीन निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराए जाने का आग्रह समाज में किया था जिसके बाद लगभग 20 दिन का समय बीत चुका है और अब गहोई समाज के व्हाट्सएप ग्रुप पर एक बार फिर समाज की निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराए जाने की मांग की जाने लगी है।

# मनरेगा मजदूरों को भी दिया जाए दीपावली उपहार

## ट्यूटर अकाउंट पर सरकार से की मांग

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा दीपावली एक ऐसा त्यौहार है जिस पर सरकारी एवं गैर सरकारी सभी प्रकार के प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों के ऊपर उपहार की वर्षा की जाती है। दीपावली की पूर्व संध्या पर छोटे से छोटा नियोक्ता भी कम से कम दो सौ इक्यावन रूपए और एक किलो मिठाई अपने कर्मचारी को उपहार स्वरूप प्रदान करता है। जहां तक कि एक मकान बनाने वाले राजमिस्त्री और बेलदार को भी गरीब से गरीब मकान मालिक उपहार देता है। एक मनरेगा श्रमिक ही ऐसा है जो दीपावली पर मिठाई से वंचित रहता है। सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्राम पंचायत जैंत के पूर्व सदस्य रामकुमार सिंह राजावत ने कहा है कि जिस तरह सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को दीपावली पर बोनस आदि का उपहार दिया है, ठीक उसी तरह महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत पंजीकृत नियमित मजदूरों का भी हक बनता है और सरकार को चाहिए कि श्रमिकों के लिए भी मिठाई, मोमबत्ती आदि की व्यवस्था करते हुए कार्य स्थल पर उपयोग में आने वाली सामग्री का टूल किट उपहार में प्रदान किया जाए। जिससे मनरेगा मजदूरों की दीपावली भी रोशन हो सके।

# लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शूटर का वीडियो सामने आने पर एसएसपी ने की लापरवाही बरतने वालों पर कार्यवाही

## थाना रिफाइनरी के दरोगा रामसनेही हेड कांस्टेबल विपिन और कांस्टेबल संयज को किया सस्पैंड



**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा॰ लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शूटर योगेश उर्फ राजू का वीडियो सामने आने के बाद मथुरा के एसएसपी शैलेश पांडेय ने तीन पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। पुलिस हिरासत में शूटर ने मीडियाकर्मियों से बातचीत की थी। इस दौरान उसने दावा किया था कि मुंबई में मारे गए महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी कोई भला आदमी थोड़े ही थे। उनके तो भारत के अतिवांछित अपराधी दाऊद इब्राहिम तक से संबंध थे।

शूटर योगेश का वीडियो वायरल होने के बाद ये सवाल उठने लगे कि पुलिस हिरासत में कैसे एक अपराधी ने मीडिया को ऐसा बयान दिया। जब वह मीडियाकर्मियों से बात कर रहा था, तब पुलिसकर्मी कहां थे। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। गौरतलब है कि गत शुक्रवार को दिल्ली और मथुरा पुलिस के एनकाउंटर में शूटर योगेश पकड़ा गया था। उसके पैर में गोली लगी जिसका इलाज चल रहा है।

जिला अस्पताल के बाहर शूटर ने पत्रकारों से कहा था, फिल्म अभिनेता सलमान खान के मामले में लारेंस बिश्नोई गिरोह के बीच आ रहा नेता बाबा सिद्दीकी इसलिए मारा गया, क्योंकि वह कोई भला आदमी नहीं था, उस पर तो खुद वहां मकोका (महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून) में मामला दर्ज था। आम आदमी पर तो मकोका मामला दर्ज होगा नहीं, बल्कि उसके बारे में तो यह कहा जाता है कि वह दाऊद (1993 के मुंबई नरसंहार सीरीज बम ब्लास्ट) का आदमी था। जब कुछ लोग ऐसे किसी के बीच में आएंगे, तो कुछ न कुछ तो होगा ही..।

## नामदेव समाज के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए एडवोकेट संजय नामदेव

छतरपुर। शहर के गल्ला मंडी क्षेत्र में स्थित श्री विट्ठल एवं शिव धाम में स्थित नामदेव समाज की धर्मशाला में दशहरा मिलन कार्यक्रम के साथ समाज के चुनाव आयोजित किए गए। सर्वसहमति से सम्पन्न हुए चुनाव में नामदेव समाज के निर्विरोध नए अध्यक्ष एडवोकेट संजय नामदेव चुने गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिवसेना प्रमुख मुन्ना तिवारी उपस्थित रहे। वहीं मथुरा प्रसाद नामदेव रमेश चंद्र नामदेव, केशव, मानक लाल, कृष्ण कुमार, पप्पू, श्यामलाल, बाबूलाल, परमलाल नामदेव की अध्यक्षता में चुनाव संपन्न हुए। सर्वसहमति से चुने गए नए अध्यक्ष एडवोकेट संजय नामदेव ने कहा कि वे समाज के विकास और बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देंगे।




# किशनगढ़ में विधायक ने आयोजित किया दशहरा मिलन समारोह

## उपस्वास्थ्य केंद्र एवं किशनगढ़, गणेशगंज मार्ग का किया भूमिपूजन

बिजावर। इन दिनों विधायक राजेश शुक्ला बबलू द्वारा विधानसभा क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन स्थानों पर दशहरा मिलन समारोह आयोजन किए जा रहे हैं, जिसके माध्यम से वे न केवल लोगों से संवाद कर रहे हैं, बल्कि क्षेत्रवासियों को विकास कार्यों की सौगात भी दे रहे हैं। शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के किशनगढ़ में दशहरा मिलन समारोह का कार्यक्रम था और इसके साथ ही विधायक ने किशनगढ़ को कुल 1.73 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी है।



किशनगढ़ के रेस्ट हाउस में आयोजित दशहरा मिलन समारोह के दौरान सर्वप्रथम विधायक ने क्षेत्रीय जनता से संवाद कर उन्हें दशहरे की शुभकामनाएं और इसके बाद लोगों की समस्याओं को जानकर उनका समाधान करने का भरोसा दिया। लोगों ने अपने गांव-कस्बों में व्याप्त समस्याओं की जानकारी विधायक को दी है, जिस पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। दशहरा मिलन के बाद विधायक ने किशनगढ़ में 65 लाख की लागत से प्रस्तावित उप स्वास्थ्य केन्द्र और 1.8 करोड़ की लागत से प्रस्तावित किशनगढ़-गणेशगंज के एक किलोमीटर मार्ग के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में किशनगढ़ सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से आए लोग उपस्थित रहे, जिन्हें विधायक ने तिलक लगाने के बाद गले लगाकर शुभकामनाएं दीं।

## एचआईबी के प्रति जागरुकता हेतु मिनी मॅराथन का आयोजन

छतरपुर। शनिवार को जिला स्तरीय (रेड रन) रेड रिबन क्लब मध्यप्रदेश शासन के अन्तर्गत पंजीयन युवाओं के लिए यूथ अगेंस्ट एचआईवी के प्रति व्यापक जागरूकता हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर रेड रंग के आयोजन में मिनी मैराथन दाऊद का आयोजन किया गया है। यह मैराथन प्रात: 6 बजे बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम छतरपुर में आयोजित की गई तथा इसमें छतरपुर,टीकमगढ़, निवाड़ी, सागर और पन्ना जिले के राष्ट्रीय सेवा योजना के लगभग 250 स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा महेश चंद्र अहिरवार के मागदर्शन में स्वयंसेवक रवि कुमार ने इस मैराथन में तृतीय स्थान प्राप्त किया है तथा इसके पहले भी रवि कुमार अहिरवार ने पिछले वर्ष प्रथम स्थान प्राप्त किया इस वर्ष इस उपलब्धि के लिए रवि कुमार को रू. 3000 का चैक पुरस्कार के रूप में दिया गया श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के 20 स्वयं सेवकों ने भी मैराथन में प्रतिभाग किया। इस मैराथन में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल, एवं श्री अरूण कुमार चौरसिया (कार्यक्रम समन्वयक एमसीबीयू) डॉ जेपी शाक्य, डॉ एस के छारी, गिरिजेश जुआल जिला संगठन रा.से.यो., देवेन्द्र प्रजापति, ओम मनु कार्यक्रम अधिकारी एवं वर्षा यादव, कमलेश चौरसिया, आनंद पांडेय, डॉ राजू अहिरवार, भारती सिंह शिवम एवं रूपेश उपस्थित रहे।

# सहकारी बैंक शाखा छतरपुर में खाता धारकों को बाटे गये एटीएम कार्ड



छतरपुर। शनिवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा छतरपुर में एटीएम कार्ड की सुविधा चालू की गई है। खाता धारकों को बैंक में आमंत्रित कर उन्हें एटीएम कार्ड वितरित किए गए। इस अवसर पर बैंक प्रशासक करुणेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य खाता धारकों को बेहतर सुविधाएं देना है। इसी क्रम में हमने एटीएम कार्ड की सुविधा चालू की है जिसका खाता धारकों को बहुत फायदा होगा। इस अवसर पर बैंक प्रशासक करुणेन्द्र प्रताप सिंह, महाप्रबंधक आरएस भदोरिया, शाखा प्रबंधक हरिशंकर तिवारी, समिति प्रबंधक राकेश चौबे, करण सिंह, रामअवतार मिश्रा, खाता धारक बीएस परिहार, राजकुमार अजरिया, नरेंद्र अरजरिया, चतुर्भुज पांडे, करण रैकवार, अर्जुन रैकवार समस्त खाताधारक उपस्थित रहे।

# बागेश्वरधाम में श्रीमद भागवत कथा जारी

## जो परमात्मा से जोड़ने का काम करता है वही महात्मा है: पं.धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री



*छतरपुर। करोड़ों लोगों की आस्था के केन्द्र बागेश्वर धाम में सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन चल रहा है। कथा के दूसरे दिन कथाव्यास बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने महात्मा की महिमा का बखान करते हुए कहा कि जो परमात्मा से जोड़ने का काम करता है वही महात्मा कहलाता है। कथा के दौरान एक प्रश्न से प्रसंग शुरू करते हुए कहा कि महात्मा संसार की माया से दूर रहकर भगवान के ध्यान में मस्त रहता है। कथा के दूसरे दिन नेपाल, गोरखपुर सहित अन्य स्थानों से संतजन कथा में आए।*

श्रीमद् भागवत महापुराण के दूसरे दिन महाराजश्री ने कहा कि जिसमें गुरू प्रसन्न हो शिष्य को वही कार्य करना चाहिए। ठीक ऐसा ही पिता की प्रसन्नता के लिए पुत्र को कार्य करना चाहिए। परमात्मा को प्रसन्न करने के लिए भक्त जो कार्य करे वही श्रेष्ठ है। उन्होंने कहा कि संत महात्मा को मौज मस्ती से जोड़ने वाले लोग इस पर भी विचार करें कि वे संसार सागर के मायाजाल को छोड़कर भगवान के भजन में लीन रहते हैं यही उनकी मौज मस्ती है। महात्मा तप और योग के बल पर न केवल स्वयं ईश्वर की भक्ति प्राप्त करता है बल्कि अपने भक्त को भी ईश्वर से जोड़ने का प्रयास करता है।

# मकान का छप्पर गिरने से पांच मजदूर घायल





*छतरपुर। ईशानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परापट्टी में एक कच्चे मकान का छप्पर गिरने से पांच लोग घायल हुए हैं। घटना की जानकारी लगते ही घायलों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।*

जानकारी के मुताबिक ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम परापट्टी में शुक्रवार की रात करीब 9 बजे दशरथ सिंह के खेत पर मजदूरी के लिए किशनगढ़ से आए मजदूर रात में जब खेत पर बने उसके पुराने घर में आराम कर रहे थे तभी मकान की लकड़ी टूट गयी और घर का छप्पर आराम कर रहे मजदूरों के ऊपर गिर गया जिससे सभी लोग घायल हो गया। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती गराया है। बताया जा रहा है कि सभी मजदूर मंगलवार को मूंगफली उखाड़ने के लिए परापट्टी आए थे। घायलों में दशरथ आदिवासी पिता दम्मू उम्र 45 वर्ष, अनीता पत्नि दशरथ 30 साल, बड़ी पुत्री ललिता पिता दशरथ 17 साल, छोटी पुत्री ममता पिता दशरथ 13 साल सभी निवासी किशनगढ़, श्याम आदिवासी, गुड्डन पिता काशीराम 24 वर्ष शामिल हैं।

# लवकुशनगर को जिला बनाने को लेकर युवाओं ने किया जाम, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



लवकुशनगर। पिछले कई वर्षों से लवकुशनगर को जिला बनाने की मुहिम चल रही है 2024 तक अभी लवकुश नगर जिला नहीं बन पाया कई बार विरोध प्रदर्शन हो चुका है। कागज पर खून के हस्ताक्षर भी हो चुके हैं दीवारों पर भी जिला लवकुश नगर बनाओ लिखा जा चुका है फिर भी कहीं ना कहीं सरकार की आंखें खुलतीं नहीं दिखाई दे रही हैं। आज दोपहर 1 बजे युवाओं के द्वारा स्वामी विवेकानंद पार्क के सामने जाम लगा दिया गया जहां पर हजारों की संख्याओं में युवा बूढ़े, बुजुर्ग ,बच्चों पहुंचे जो एक ही नारा लगा रहे थे कि लवकुश नगर को जिला बनाओ जिला नहीं तो वोट नहीं जैसे ही यह खबर प्रशासन की कानों में पहुंची आनन-फ़ानन में लवकुश नगर थाना प्रभारी प्रशांत सेन अपने दलबल के साथ पहुंचे उनके साथ लवकुश नगर तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव पहुंचे। संदीप श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि हम आपकी बात को ऊपर तक पहुंचाएंगे। तत्पश्चात कहीं 30 मिनिट की कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुला।

# सांप निकलने से तहसील में मचा हड़कंप



छतरपुर। शनिवार की दोपहर करीब 12 छतरपुर तहसील में उस वक्त हड़कंप मच गया जब चेम्बर में 5 फिट लंबा सांप निकल आया। लोग आनन-फानन में यहां-वहां भागते नजर आए। तहसील कार्यालय में पदस्थ लोगों ने सांप पकड़ने वाले व्यक्ति को फोन कर बुलाया। सांप पकड़ने आए व्यक्ति द्वारा उक्त सांप पकड़कर जंगल में छोड़ा गया है।

# सेवानिवृत्त कर्मचारी शिवाकांत शुक्ला के पुत्र का निधन, अंतिम संस्कार सम्पन्न

छतरपुर। बीएसएनएल के सेवानिवृत्त कर्मचारी शिवाकांत शुक्ला के सुपुत्र सतेन्द्र शुक्ला का दिल्ली के एक निजी अस्पताल में शुक्रवार की दोपहर दुखद निधन हो गया जिनका आज महाराजपुर स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार सतेन्द्र शुक्ला दिल्ली में रहकर पीएससी की तैयारी कर रहे थे जहां गुरूवार को उनकी अचानक तबियत बिगड़ी जिन्हें तत्काल एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां शुक्रवार की दोपहर उन्होंने अंतिम सांस ली। श्री शुक्ला का पार्थिव शरीर आज शनिवार की सुबह महाराजपुर लाया गया जिसका भारी जनसमुदाय के बीच अंतिम संस्कार किया गया। इस दु:ख की घड़ी में दैनिक परिहार गर्जना परिवार शोक व्यक्त करते हुये दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह दु:ख सहन करने की शक्ति देने ईश्वर से प्रार्थना करता है।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार सह संपादक, दद्दा ललौनी, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321